**प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 16.01.2018 को आयोजित विभागीय पदाधिकारियों के साथ कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 16.01.2018 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं प्रशाखा पदाधिकारी उपस्थित हुए।

2. पर्यवेक्षीय संवर्ग के पदाधिकारियों को कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में सेवा प्राप्त करने संबंधी ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने हेतु पूर्व के सॉफ्टवेयर को इस्तेमाल करने के लिए एन०आई०सी० को पत्र भेजा जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०–1)**

3. नगर प्रबंधकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने हेतु बिहार कर्मचारी चयन आयोग को पत्र भेजा जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०–1)**

4. बुडा, डुडा एवं TCPO में कनीय अभियंता की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०–1)**

5. PMAA एवं RERA के पद सृजन हेतु संचिका में प्रस्ताव उपस्थापित किया जाय। PMAA में पद सृजन हेतु प्रस्ताव PMAA से प्राप्त हुआ है, लेकिन RERA से पद सृजन का प्रस्ताव विभाग में प्राप्त नहीं हुआ है। RERA के विशेष कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पद सृजन हेतु प्रस्ताव शीघ्र विभाग में उपलब्ध कराया जाय ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

**(अनुपालन :– श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, अपर सचिव/प्रशाखा पदा०–1)**

6. नगर निकायों में ग्रुप 'सी०' के पद पर नियुक्ति हेतु अधियाचना बिहार कर्मचारी चयन आयोग को भेजने की कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन :– निदेशक, नगरपालिका प्रशासन)**

7. बिहार नगर सेवा के कार्यपालक पदाधिकारियों की सेवा संपुष्टि हेतु कार्रवाई शीघ्र की जाय एवं इनके PAR को रजिस्टर में प्रविष्टि कर संधारित की जाय तथा नगर प्रबंधकों के Performance के लिए formate तैयार की जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०–1)**

8. स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निकायों के पास उपलब्ध अवशेष राशि को ICICI bank के Interim Account में जमा करने हेतु बैंक का Account No. देते हुए नगर निकायों को पत्र भेजा जाय तथा इस कार्य का नगर निकायों के साथ प्रतिदिन समन्वय सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन :– श्रीमती इन्दु कुमारी, OSD)**

9. मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना अंतर्गत सभी नगर पंचायतों को वर्ष 2017–18 के लिए राशि पूर्व में आवंटित कर दी गयी है, लेकिन नगर परिषदों को अभी राशि आवंटित नहीं हो पायी है। निर्देश दिया गया कि इस योजनांतर्गत सभी नगर परिषदों (AMRUT योजना वाले नगर निकाय को छोड़कर), जिनका revised estimate प्राप्त हो गया है, उन्हें राशि आवंटित करने की कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदाधिकारी–2)**

10. विभागीय अभियंत्रण कोषांग के अभियंताओं का वेतन कोषागार के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु संचिका में प्रस्ताव उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदाधिकारी–2)**

11. मुख्यमंत्री का जन शिकायत कोषांग दिनांक 31.01.2018 से समाप्त हो रहा है एवं जन शिकायत से संबंधित सभी मामलों को विभागीय लोक शिकायत निवारण कोषांग को हस्तांतरित किया जाना है। निर्देश दिया गया कि इस मामले से संबंधित सभी संचिकाएं अभी से ही विभागीय लोक शिकायत निवारण कोषांग को हस्तांतरित करना प्रारंभ कर दें।

**(अनुपालन :– प्रशाखा पदा०–9)**

12. जन शिकायत कोषांग के प्रशाखा पदाधिकारी श्री राजीव रतन गुप्ता (सेवानिवृत्त) को संविदा के आधार पर नियोजन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजने की कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन :— प्रशाखा पदाधिकारी—1)**

13. निर्देश दिया गया कि विभाग में प्राप्त होने वाले कार्यपालक पदाधिकारियों के विरूद्ध आरोप संबंधी सभी मामलों को नगर निकायवार एक ही संचिका में कार्रवाई हेतु संधारित किया जाय। प्रपत्र 'क' में आरोप गठित होने के बाद वह संचिका पदाधिकारीवार नाम से कार्रवाई हेतु संधारित की जाएगी।

**(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—9)**

14. टेलीफोन विपत्र, पैनल अधिवक्ता का विपत्र एवं वाहन ईंधन का विपत्र भुगतान की स्वीकृति हेतु श्री जय प्रकाश मंडल, विशेष सचिव को प्राधिकृत किये जाने संबंधी आदेश निर्गत की जाय।

**(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—1)**

15. विभागीय बैठकों आदि हेतु भोजन/नास्ता की उपलब्धता हेतु 4—5 होटलों से लगभग बराबर दर का कोटेशन प्राप्त किया जाय ताकि अच्छी गुणवत्ता के भोजन/नास्ता की उपलब्धता हो सके।

**(अनुपालन :— श्री जय प्रकाश मंडल, विशेष सचिव)**

16. निर्देश दिया गया कि बिहार राज्य जल पर्षद, बुडको, डुडा आदि से योजनाओं का TA/TS एवं निविदाओं को प्राप्त करके विभागीय वेबसाईट के मॉड्यूल में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय तथा इस संबंध में संबंधितों के साथ किये गये पत्राचार को भी अपलोड किया जाय तथा नियमित रूप से इसका अद्यतनीकरण सुनिश्चित किया जाय। **(अनुपालन :— श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर)**

17. प्रशाखा—11/अभियंत्रण कोषांग, प्रशाखा—1 एवं 2 की सभी संचिकाएं ई०—ऑफिस के माध्यम से हस्तांतरित की जाय। अधोहस्ताक्षरी कोषांग में इस प्रशाखा सभी संचिकाएं ई०—ऑफिस के द्वारा ही प्राप्त की जाएगी। आई०टी० मैनेजर को निर्देश दिया जाता है कि वे इस सप्ताह के अंत तक प्रशाखा—5 की सभी संचिकाएं ई०—ऑफिस में इंट्री कराने की व्यवस्था करेंगे तथा प्रत्येक सप्ताह में क्रमवार सभी प्रशाखाओं की संचिकाओं को ई०—ऑफिस में इंट्री कराना सुनिश्चित करेंगे। अगले सप्ताह से अधोहस्ताक्षरी कोषांग में प्रशाखा—5 की सभी संचिकाएं ई०—ऑफिस के माध्यम से ही प्राप्त की जाएगी।

**(अनुपालन :— श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर)**

18. प्रशाखावार/कोषांगवार संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की विवरणी अनुलग्नक—1 के रूप में संलग्न है। इनमें वैसे मुद्दे, जो अभी तक लंबित हैं, उसकी सूची तैयार कर ली जाय एवं अगली बैठक में विमर्श हेतु उपस्थापित किया जाय।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

16/1/2018

**(चैतन्य प्रसाद),**
प्रधान सचिव

ज्ञापांक 403 न०वि० एवं आ०वि०/पटना, दिनांक 17/01/18

प्रतिलिपि :— माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सभी विभागीय पदाधिकारी/प्रबंध निदेशक, बुडको/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद्, पटना/Team Leader, PMC (NULM)/SPMG कोषांग/Team Leader, MIS/ Team Leader, DEAS/अभियंत्रण कोषांग/TCPO/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, नगर विकास एवं आवास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/1/2018

**प्रधान सचिव**

DK

Processing 16.01.2018

